Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Increase in Allocation under Pradhan Mantri Awas Yojana.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस सदन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी और संबंधित विभाग का ध्यान एक विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' में जो लागत दी गई है, आज के महंगाई के दौर में वह लागत बहुत कम है। आज उस लागत में आवास बनाना संभव नहीं है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि वर्तमान समय में दैनिक मजदूरी प्रति मजदूर 400 से 500 रुपये है। बालू, मौरंग, सरिया, सीमेंट सब कुछ महंगा है। ईंट का सरकारी रेट 12,000 रुपये है। उन्हें सरकार से 18,000 से 20,000 रुपये मिलते हैं।

महोदय, इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' में जो 1,20,000 रुपये मिलते हैं, उसको बढ़ाकर 2,50,000 रुपये किए जाएं।